भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 140
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

पुरातात्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट

140. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण भारत से पुरातत्व सर्वेक्षण रिपोर्ट को वर्तमान में लंबित रखा गया है;

(ख) यदि हां, तो रिपोर्ट जारी करने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) उक्त रिपोर्ट को पूरा होने और जारी होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) : कोई रिपोर्ट लंबित नहीं है। रिपोर्ट, विशेषकर उत्खनन रिपोर्ट का प्रकाशन, उचित प्रक्रिया के बाद किया जाता है जिसमें निर्धारित प्रक्रिया के अलावा विशेषज्ञों द्वारा पुनरीक्षण, संपादन, प्रूफ रीडिंग और पुनरीक्षा करना शामिल है। हाल ही में, प्रकाशन के प्रयोजनार्थ विभिन्न उत्खनन रिपोर्टों का पुनरीक्षण किया गया है।

*****